Guru Jambheshwar University of Science & technology Hisar.
In news In July 2016

# जीजेयू में आधे घंटे में ही भर गईं बीएससी केमिस्ट्री की जनरल सीटें

## 53 प्रतिशत पर हुआ अंतिम दाखिला, अब दूसरी काउंसिलिंग 13 को

अमर उजाला ब्यूरो

हिसार। जीजेयू में शुक्रवार को ड्यूल डिग्री कोर्स के लिए पहली काउंसिलिंग हुई। काउंसिलिंग के दौरान विद्यार्थियों का सबसे ज्यादा रुझान बीएससी केमिस्ट्री की तरफ रहा। इस कोर्स की जनरल केटेगरी की सीटें केवल आधे घंटे में ही भर गईं। बीएससी में जनरल केटेगरी में अंतिम दाखिला 53 प्रतिशत पर हुआ। बीएससी केमिस्ट्री के बाद बीएससी फिजिक्स में विद्यार्थियों का रुझान देखने को मिला। इसमें जनरल केटेगरी में अंतिम दाखिला प्रवेश परीक्षा में 50 अंक पाने वाले विद्यार्थी का हुआ। इसी प्रकार बीएससी बायो टेक्नोलॉजी और बीएससी मैथ में भी दाखिले को लेकर खूब उत्साह रहा। हालांकि काउंसिलिंग प्रक्रिया सुबह 10 से देर शाम तक जारी रही। अब दाखिले के लिए दूसरी काउंसिलिंग 13 जुलाई को आयोजित होगी।

**पहली बार शुरू हुआ इन विषयों में ड्यूल डिग्री कोर्स :** पूरे हरियाणा में ऐसा पहली बार है जब उपरोक्त विषयों में ड्यूल डिग्री कोर्स शुरू किया गया है, जिनमें बीएससी ऑनर्स इन बायोटेक्नोलॉजी-एमएससी बायोटेक्नोलॉजी, बीएससी ऑनर्स इन फिजिक्स-एमएससी फिजिक्स, बीएससी ऑनर्स इन केमिस्ट्री-एमएससी केमिस्ट्री, बीएससी ऑनर्स इन मैथ-एमएससी मैथ शामिल हैं। प्रत्येक कोर्स के लिए 30 सीटें रखी गई हैं। इन कोर्सों में दाखिले के लिए करीब 1900 आवेदन आए थे, जिसके बाद 26 जून को इसके लिए कॉमन प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया था। परीक्षा में आए रिजल्ट में टॉपर ने 100 में से 68 अंक हासिल कर प्रथम रैंक पाई थी।

### ये सीटें हैं बाकी

काउंसिलिंग के बाद सभी चार कोर्सों में फिजिकल हैंडीकैप्ट की सीटें खाली बची हुई हैं। इसके अलावा बीएससी गणित में सुपरन्यूमैरिक सिंगल गर्ल चाइल्ड की एक सीट पर भी अभी तक दाखिला नहीं हुआ है। वहीं कुछ विद्यार्थियों के फीस जमा नहीं करवाए जाने या दाखिला रद करवाने पर भी सीटें खाली हो सकती हैं। सभी सीटों के लिए दूसरी काउंसिलिंग 13 जुलाई को होनी है।



हिसार। जीजेयू में काउंसिलिंग के लिए पहुंची छात्राएं और इनसेट में काउंसिलिंग में भाग लेती छात्रा।

### पारदर्शी तरीके से हुई काउंसिलिंग प्रक्रिया

जीजेयू में काउंसिलिंग प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार का पक्षपात न हो, इसके लिए काउंसिलिंग प्रक्रिया पूरे पारदर्शी तरीके से हुई। कंप्यूटर पर होने वाली सारी प्रक्रिया विद्यार्थियों को प्रोजेक्ट के माध्यम से ऑन स्क्रीन दिखाई गई, ताकि विद्यार्थी या अभिभावक किसी भी प्रकार का कोई सवाल न उठाए।

पहली काउंसिलिंग में विद्यार्थियों ने खूब उत्साह दिखाया है। काउंसिलिंग प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी थी, ताकि किसी की कोई शिकायत न रहे। अब अगली काउंसिलिंग 13 जुलाई को होगी। -राजेश मल्होत्रा, डीन एकेडमिक अफेयर जीजेयू

### ...तो कुछ को झेलनी पड़ी परेशानी



काउंसिलिंग के लिए बड़ी संख्या में विद्यार्थी आए थे। ऑडिटोरियम में सबसे पहले जनरल केटेगरी की काउंसिलिंग शुरू हुई, जोकि दोपहर ढाई बजे तक चली। इसके बाद ढाई बजे से आरक्षित श्रेणियों के लिए काउंसिलिंग शुरू की गई। तब तक विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को ऑडिटोरियम में नहीं आने दिया गया। ये लोग भीषण गर्मी और उमस के बीच पार्क में लगे पेड़ों के नीचे बैठकर इंतजार करते रहे।

अमर उजाला - 2/7/16

---

शोध | जीजेयू की फार्मास्युटिकल विभाग की छात्रा का शोध, मानसिक रोग में ड्रग्स के समान काम करता है शहद

# शहद की मिठास से दूर करेंगे मानसिक तनाव को

मनोज कौशिक | हिसार

मानसिक रोगों के उपचार के लिए जहां हम बाजार में मिलने वाली महंगी ड्रग्स का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन नए शोध ने इसे आम आदमी की पहुंच में ला दिया है। इसके उपचार के लिए जीजेयू के फार्मास्युटीकल विभाग की छात्रा आरजू ने एक नया विकल्प ढूंढ निकाला है। शोध परिणाम में पाया है कि मानसिक रोगों के इलाज के लिए ली जाने वाली दवाइयों की तुलना में शहद का असर भी लगभग बराबर रहता है। 6 महीने की अवधि में किए गए शोध में जीव को शहद की डोज देकर इस असर को देखा गया। इसमें पाया गया है कि शहद ब्रेन में एंटीऑक्सीडेंट का काम करता है। जिससे आरएसओ यानि रिएक्टिव ऑक्सीजन स्पीशीज सही रहता है और मानसिक संतुलन बना रहता है। वहीं छात्रा के गाइड प्रो. एम पारले ने बताया कि शहद से मानसिक रोगों का उपचार भी प्राकृतिक तरीके से होगा और साथ ही खर्च भी कम होगा। उन्होंने बताया कि शोध की गुणवत्ता को देखते हुए इसके जनरल और आर्टिकल प्रकाशित हो चुके हैं।

### चूहों पर किया प्रयोग

शोधार्थी आरजू ने बताया कि शोध करने के लिए माइस और रैट को 8 एमएल शहद की डोज के हिसाब से दिया जाना शुरू किया गया और बढ़ाते हुए यह पाया गया कि 35 एमएल डोज की मात्रा सही है। इसके बाद केटामिन मॉडल का प्रयोग किया गया जिसमें एक बड़े से बॉक्स में चूहों के चार ग्रुप बनाए गए। इनमें एक ग्रुप को सिर्फ पानी की खुराक, दूसरे को मानसिक रोग के इलाज की ड्रग्स और बाकी दो को शहद की खुराक दी गई। बॉक्स में आवाज और करंट देने के लगाए गए बटन को दबाने के साउंड के बाद चूहों को जब करंट दिया गया तो यह देखा गया कि सिर्फ पानी पीने वाले चूहे करंट लगने पर बॉक्स में खुद को बचाने के लिए प्रयास कर रहे थे, तो ड्रग्स लेने वाले चूहे इस करंट को 20 से 25 सेकंड तक सहन कर सकते हैं, वहीं शहद लेने वाले चूहों की सीमा-अवधि भी इसके बराबर ही निकली।

### इसलिए होता है मानसिक रोग, शोध के ये फायदे

शोधार्थी आरजू ने बताया कि शरीर में जैसे सैल, किडनी में फ्लोरोन होते हैं वैसे ही ब्रेन में न्यूरॉन होते हैं, तनाव, दबाव, नींद कम लेने व नशा करने से न्यूरॉन पर हमला होता है और इनकी डेथ हो जाती है, जिससे रिएक्टिव ऑक्सीजन स्पीशीज सिस्टम प्रभावित होता है। इससे याददाश्त कमजोर होना, मानसिक रोग और ब्रेन हेमरेज होने की स्थिति बन सकती है। मानसिक संतुलन के ब्रेन में ऑक्सीडेंट व एंटीऑक्सीडेंट का संतुलन बना रहना जरूरी होता है। शहद में विटामिन सी, विटामिन ई, कैमिफ्रोल, क्पैरस्टीन होने से यह प्राकृतिक एंटी ऑक्सीडेंट है। जबकि ड्रग्स प्राकृतिक नहीं है।

### मानकों के आधार पर पुख्ता, शोध होगा फायदेमंद

मानसिक संतुलन बिगड़ने पर एनिमल और मनुष्य की स्थिति एक जैसी होती है। मानसिक संतुलन बिगड़ने पर हम कैसा व्यवहार करते हैं इसके लिए वैज्ञानिकों ने मानक तैयार किए हुए हैं। उसी के आधार पर शोध का काम किया गया है। शोध गुणवत्ता के आधार पर खरा उतरता है भविष्य में इससे कई तरह के फायदे होंगे। प्रो. टंकेश्वर कुमार, कुलपति जीजेयू।

दैनिक भास्कर - 6/7/16

# जीजेयू में छह कोर्सों के लिए हुई प्रवेश परीक्षा, तीन हजार ने लिया भाग

## बैचलर और मास्टर डिग्री की 242 सीटों के लिए हुई परीक्षा

अमर उजाला ब्यूरो



हिसार। जीजेयू में दाखिले के लिए वीरवार को प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा में छह कक्षाओं में प्रवेश के लिए करीब तीन हजार विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। यह परीक्षा विश्वविद्यालय के ही विभिन्न विभागों में आयोजित की गई।

जीजेयू में वीरवार को बैचलर और मास्टर डिग्री के कुल छह कोर्सों की 242 सीटों के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसमें से एमएससी साइकोलॉजी की 50 सीटें, एमएससी एनवायरनमेंट साइंस की 50, एमएससी फूड टेक्नोलॉजी की 30 सीटें, बैचलर इन फिजियोथैरेपी की 40, बी फार्मा की 60 और बी फार्मा लीट द्वितीय वर्ष की 12 सीटें थीं।

### मेस ठेकेदार : 38 ने दिया इंटरव्यू

हिसार। जीजयू में वीरवार को हॉस्टल की मेस के लिए ठेकेदारों के इंटरव्यू हुए। इनमें 38 लोगों ने इंटरव्यू दिए। इन ठेकेदारों से पहले एक लाख की सिक्योरिटी जमा करवाई हुई थी। हॉस्टल के चीफ वार्डन एससी कुंडू के अनुसार चयनित उम्मीदवारों की फाइल वीसी ऑफिस में भेज दी गई है। वहीं सभी नए आवेदन करने वाले ठेकेदारों के अयोग्य पाए जाने की सूचना भी मिली है, जिसके कारण पुराने ठेकेदारों को ही ठेका दिए जाने की संभावना है। कुल सात हॉस्टल हैं, जिनमें से तीन छात्राओं के और चार हॉस्टल छात्रों के हैं। इन हॉस्टलों की मेस के लिए ठेकेदारों के इंटरव्यू लिए गए थे। ये इंटरव्यू चीफ वार्डन एससी कुंडू और प्रोफेसर सोनिका की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा लिए गए थे। इसके अलावा इस कमेटी में सभी हॉस्टलों के वार्डन भी मौजूद रहे।

### जीजेयू के वीसी को मिली अस्पताल से छुट्टी

हिसार। जीजेयू के कुलपति डॉ. टंकेश्वर कुमार को अस्पताल से छुट्टी मिल गयी है। सोमवार को आए हार्ट अटैक के बाद उन्हें तोशाम रोड स्थित एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया था और वहां कॉर्डियोलॉजिस्ट डॉ. दिनेश सहगल ने उनका इलाज किया। डॉ. टंकेश्वर की एक नस में ब्लॉकिज के कारण एक स्टंट डाला गया था। डॉ. दिनेश ने एंजियोप्लास्टी करके स्टंट डाला। डॉ. दिनेश सहगल के अनुसार उनकी हालत में सुधार होने के बाद वीरवार सुबह उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

अमर उजाला 8/7/16

---

निर्णय | गुजवि प्रशासंन ने किया कमेटी का गठन

# परीक्षाओं में पारदर्शिता के लिए बनाई कमेटी

हरिभूमि न्यूज़. हिसार

■ कमेटी में वीसी समेत आठ लोग होंगे

गुजवि की परीक्षा संचालन व्यवस्था में और सुधार किया जाएगा। इसके लिए एक कमेटी का गठन किया गया है। इस कमेटी का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय में परीक्षाओं का परिणाम समय पर घोषित करने के साथ नकल रहित परीक्षाओं का आयोजन करना भी होगा।



इसके अतिरिक्त कमेटी परीक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता लाने तथा व्यवस्था के प्रति विश्वास बढ़ाने के लिए भी कार्य करेगी व सुझाव देगी। कमेटी परीक्षा व्यवस्था को को लेकर विद्यार्थियों, शिक्षकों व कर्मचारियों से भी सुझाव मांगेगी। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा है कि किसी विश्वविद्यालय का स्तर उसकी परीक्षा व्यवस्था पर बहुत अधिक निर्भर करता है। परीक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना अति आवश्यक है। समय पर परीक्षा परिणाम घोषित करने से बहुत से विद्यार्थियों को अतिरिक्त फायदा हो सकता है।

कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार की अध्यक्षता में गठित की गई इस कमेटी में कुलपति के अतिरिक्त कुलसचिव, डीन एकेडमिक अफेयर्स, डीन ऑफ कॉलेजिज, निदेशक दूरवर्ती शिक्षा, हैड यूसीआईसी, सहायक कुलसचिव कंडक्ट व सहायक कुलसचिव रिजल्ट शामिल हैं।

हरिभूमि 12/7/16

विकास | शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा 17 को करेंगे उद्घाटन

# सैन्ट्रल इंस्ट्रूमैन्टेशन लैब की इमारत तैयार

हरिभूमि न्यूज. हिसार



■ लैब की इमारत इमारत 850 वर्ग मीटर क्षेत्र में बनी है

गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय में सैन्ट्रल इंस्ट्रूमैन्टेशन लेबोरट्री की इमारत बनकर तैयार हो गई है। इमारत का उद्घाटन 17 जुलाई को प्रदेश के शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा करेंगे। लेबोरट्री का नामकरण महान वैज्ञानिक, शिक्षाविद्, पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डा. एपीजे अब्दूल कलाम ने नाम पर रखा गया है।

लैब की इमारत इमारत 850 वर्ग मीटर क्षेत्र में बनी है। इसके निर्माण पर लगभग 1 करोड़ 82 लाख रुपए खर्च हुआ है। विवि कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि उच्च स्तरीय शोध के लिए उच्च स्तरीय लेबोरट्री का होना आवश्यक है। इस लैब के निर्माण के बाद विश्वविद्यालय में उच्च स्तर के शोध को और अधिक बढ़ावा मिलेगा।

उन्होंने बताया कि बहुत से शोध व परीक्षण ऐसे होते हैं जो एक दूसरे पर आधारित होते हैं। इस लैब के निर्माण के बाद एक लैब में अधिकतर परीक्षण व शोध हो सकेंगे।

लैब में विश्वविद्यालय से बाहर की संस्थाए भी परीक्षण व शोध करवा सकेंगी। इस लैब को अति आधुनिक स्तर की बनाया जाएगा। सभी आवश्यक उपकरण स्थापित किए जाएंगे।

इसके लिए प्रक्रिया शुरु कर दी है। शीघ्र ही लैब पर कार्य भी शुरु हो जाएगा।

हरिभूमि 15/7/16

एक कदम और : विवि प्रशासन व सेंट्रल पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट के अफसरों ने एमओयू पर किया हस्ताक्षर

# सीपीडब्ल्यूडी बनाएगा गुजवि में स्वीमिंग पूल

जागरण संवाददाता, हिसार : गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का प्रस्तावित स्वीमिंग पूल बनेगा। विश्वविद्यालय ने इस स्वीमिंग पूल का निर्माण कार्य सेंट्रल पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट के माध्यम से कराने का निर्णय लिया है। इस संबंध में बुधवार को सेंट्रल पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट एवं विश्वविद्यालय के बीच मेमारेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) साइन हुआ। स्वीमिंग पूल का निर्माण खेल विभाग के सौजन्य से किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलसचिव कार्यालय में हुए इस एमओयू के तहत तय किया गया है कि सेन्ट्रल पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेन्ट इस स्वीमिंग पूल का निर्माण आठ महीने की अवधि में पूरा करेगा।

कुलसचिव डा. अनिल कुमार पुंडीर ने कहा कि इस स्वीमिंग पूल के निर्माण के बाद विश्वविद्यालय से भी तैराकी के खिलाड़ी निकल कर देश व विदेश में प्रदेश व विश्वविद्यालय का नाम रोशन करेंगे। विश्वविद्यालय के खेल निदेशक डा. एसबी लूथरा ने बताया कि एमओयू पर विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव डा. अनिल कुमार पुंडीर जबकि सेन्ट्रल पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट की ओर से अधीक्षक अभियन्ता चरनजीत पसरीजा ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधीक्षक अभियंता अशोक अहलावत, शिवदयालय रंगा व कोच अशोक कुमार तथा सीपीडब्ल्यूडी की ओर से सहायक अभियंता जसवंत बंसल व वीएस हुड्डा भी उपस्थित रहे।



एमओयू साइन करने के बाद कुलसचिव डा. अनिल पुंडीर व एसई चरणजीत पसरीजा।

**यह होगा खास स्वीमिंग पूल में**

- यूजीसी से ढाई करोड़ रुपये की ग्रांट गुजवि को मिलेगी। कुल खर्च 4 करोड़ के करीब आएगा।
- पहली बार किसी विश्वविद्यालय में इस स्तर का स्वीमिंग पूल बनाया जाएगा। कुछ निजी विश्वविद्यालयों में देश में स्वीमिंग पूल बनाए गए है।
- तैराकी को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय इसे तैयार कर रहा है। आठ लाइन होंगी तेराकों के लिए।



स्वीमिंग पूल तैराकी के खिलाड़ियों के अत्यंत लाभदायक होगा। इस स्वीमिंग पूल के निर्माण के बाद इस इलाके से तैराकी के नए खिलाड़ी निकलेंगे। हरियाणा प्रदेश में अन्य खेलों की भांति तैराकी खेल की भी बहुत अधिक संभावनाएं हैं। उन्होंने बताया कि यह स्वीमिंग पूल अंतर्राष्ट्रीय स्तर का होगा। इसमें आठ लेन बनेगी। बाल तैराकों के लिए भी इस पूल में विशे[ष] व्यवस्था की गई है। – प्रो. टंकेश्वर कुमार, कुलपति, गुज[वि]

दैनिक जागरण 15/7/16

# Career centre to come up at Hisar varsity

HISAR, JULY 15

The Employment Department, Haryana, will set up the University Employment Information and Guidance Bureau (UEIGB) at the Guru Jambheshwar University of Science and Technology (GJUST), Hisar.

Tankeshwar Kumar, Vice-Chancellor of the university, said the bureau would help students to find employment opportunities and would provide them with the information and guidance regarding their career. The department would depute trained staff and the university would give the office space and other infrastructure for the bureau on the premises.

The Tribune - 16/7/16

## गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय में स्थापित किया जाएगा रोजगार सूचना एवं सलाह ब्यूरो

हिसार। गुजवि में विश्वविद्यालय रोजगार सूचना एवं सलाह ब्यूरो स्थापित किया जाएगा। यह ब्यूरो हरियाणा के रोजगार विभाग के सौजन्य से स्थापित किया जाएगा। रोजगार विभाग द्वारा ही इस केंद्र में पर्याप्त स्टाफ उपलब्ध कराया जाएगा। विवि ब्यूरो के लिए स्थान व अन्य आधारभूत ढांचा उपलब्ध कराएगा। विवि कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि यह ब्यूरो विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभदायक साबित होगा। इस ब्यूरो के माध्यम से विद्यार्थी न केवल रोजगार से संबंधित जानकारियां प्राप्त कर सकेंगे, बल्कि रोजगार से जुड़ी सलाह व दिशा निर्देश भी प्राप्त कर सकेंगे। कुलसचिव डा. अनिल पुंडीर ने दावा किया कि यह ब्यूरो विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए रोजगार व कैरिअर से संबंधित सूचना पाने में सहायक होगा।

हरिभूमि - 16/7/16

## गुजवि में रोजगार सूचना एवं सलाह ब्यूरो कार्यालय

हिसार (काम्बोज) : गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय रोजगार सूचना एवं सलाह ब्यूरो स्थापित किया जाएगा। यह ब्यूरो हरियाणा के रोजगार विभाग के सौजन्य से स्थापित किया जाएगा। रोजगार विभाग द्वारा ही इस केंद्र में आवश्यक स्टाफ उपलब्ध कराया जाएगा। विश्वविद्यालय ब्यूरो के लिए स्थान व अन्य आधारभूत ढांचा उपलब्ध कराएगा। कुलसचिव डा. अनिल पुंडीर ने खुशी जाहिर करते हुए कहा है कि यह ब्यूरो विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए रोजगार व कैरिअर से सम्बंधित सूचना पाने में सहायक सिद्ध होगा।

दैनिक सवेरा समाचार - 16/7/16

# जरूरी है नैतिक शिक्षा का ज्ञान : शिक्षामंत्री

- गुजवि में केंद्रीयकृत प्रयोगशाला का किया उदघाटन
- विवि के शोधार्थियों को एक भवन में मिलेगी सारी सुविधाएं

जागरण संवाददाता, हिसार : शिक्षक विद्यार्थियों को शिक्षित करने के साथ-साथ स्वावलंबी भी बनाएं। रोजगारयुक्त शिक्षा वर्तमान समय की जरूरत है। प्रदेश के शिक्षामंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय में स्टेट ऑफ आर्ट सुविधाओं से सुसज्जित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सेंट्रल इंस्ट्रूमेंटेशन लेबोरेटरी के भवन के उद्घाटन में कहे। उन्होंने विश्वविद्यालय के वीआईपी गेस्ट हाउस में विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों को संबोधित भी किया। शिक्षामंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा व विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने लेबोरेटरी के सामने पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. अनिल कुमार पुंडीर सहित विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास, शर्मा ने कहा कि विद्यार्थी नैतिक शिक्षा के साथ-साथ आत्मविश्वास से भी भरा हो। शिक्षकों व गैर शिक्षकों को लग्न व मेहनत से कार्य करना चाहिए ताकि विश्वविद्यालय नई उंचाइयों को छू सके। उनकी सभी समस्याओं के समाधान की जिम्मेदारी सरकार की है।

### देश भर के शोधार्थी ले सकेंगे लाभ

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने शिक्षामंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा को स्मृति चिह्न भेंट किया। उन्होंने बताया कि इस लेबोरेटरी से विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शोधार्थियों व शिक्षकों के साथ-साथ क्षेत्र के शोध संस्थानों को अत्यंत लाभ होगा। इस क्षेत्र के संस्थान इस लेबोरेटरी से शोध का फायदा उठा सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह विश्वविद्यालय निरंतर प्रगति के नए आयाम स्थापित कर रहा है। आगे भी विश्वविद्यालय में विकास की यह प्रक्रिया जारी रहेगी।

### सभी सुविधाओं से लैस है लैब

लैब की इमारत पर लगभग 182 लाख रूपये की लागत आई है और यह 850 वर्ग मीटर क्षेत्र में बनी है। इस अवसर पर हरियाणा राज्य शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. जगबीर सिंह व विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद के सदस्य डॉ. केसी अरोड़ा भी उपस्थित थे। समारोह का संचालन विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. हरभजन बंसल ने किया।




गुजवि में सेंट्रल इंस्ट्रूमेंट लैब के सामने पौधरोपण करते शिक्षामंत्री व अन्य। जागरण

## सभी जिलों में खोले जाएंगे पार्टी कार्यालय : प्रो. रामबिलास

जागरण संवाददाता, हिसार : आने वाले एक साल में हर जिले में भारतीय जनता पार्टी के खुद के कार्यालय खोले जाएंगे। भाजपा के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में समान विकास कार्य किए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार ने अपने 20 महीने के कार्यकाल में अनेकों विकास कार्य किए हैं, जिससे आम जनता को सीधा लाभ पहुंचा है। यह बात शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने सेक्टर-15 में बीजेपी कार्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। इस दौरान कार्यकर्ता सम्मेलन को भी संबोधित किया। पार्टी की तरफ से सेक्टर-15 स्थित कोठी नम्बर-139 में कार्यालय खोला गया जिसका उद्घाटन प्रदेश अध्यक्ष सुभाष बराला ने किया। शिक्षामंत्री ने कहा कि हिसार में कार्यालय खोलने के लिए मुख्य संसदीय सचिव डॉ. कमल गुप्ता को जिम्मेदारी दी कई है। प्रदेशाध्यक्ष सुभाष बराला ने कहा कि आज प्रदेश में डा. मंगलसेन का सपना पूरा होता हुआ दिखाई दे रहा है। इस अवसर पर सीपीएस डा. कमल गुप्ता ने कहा कि प्रदेश सरकार समान रूप से विकास कार्य कर रही है।

### नए कार्यालय का उदघाटन

कार्यक्रम का आयोजन जिलाध्यक्ष सुरेंद्र पूनिया की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान वेयर हाउसिंग बोर्ड के चेयरमैन श्रीनिवास गोयल, हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डा. जगबीर सिंह, हाउसिंग बोर्ड के चेयरमैन जवाहर यादव, प्रदेश सचिव कर्ण सिंह रानोलिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। मंच संचालन जिला महामंत्री सुजीत कुमार व आशा रानी ने किया।

दैनिक जागरण - 18/7/2016

हेल्पलाइन : गुजवि में कोई रैगिंग करे या छेड़छाड़ या हॉस्टल में बिजली नहीं होगी तुरंत कार्रवाई

# बस दो मिनट और समस्या का होगा समाधान

सुनील बैनीवाल, हिसार

गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की स्थापना को 20 साल बीत चुके है। पहली बार एक तकनीकी रूप से छात्रों की समस्याओं को हल करने की ओर कदम विश्वविद्यालय ने बढ़ाया है। अभी तक छात्रों को अपनी समस्या के लिए संबंधित विभाग के पास या कुलपति के पास लिखित में या मौखिक शिकायत करनी होती थी। मगर, शिकायत केंद्र की स्थापना के बाद छात्र व छात्राएं अपनी हर तरह की समस्याओं को सीधे विश्वविद्यालय प्रशासन व शिक्षकों के तक पहुंचा सकेंगे।

रात हो या दिन गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के छात्रों की हर समस्या का समाधान तुरंत होगा। फोन व ईमेल के माध्यम से छात्र सीधे शिकायत कर सकते है। जिस पर तुरंत प्रभाव से कार्रवाई होगी। गंभीर मामलों में किसी तरह की कोई देरी नहीं की जाएगी। गुजवि में स्थापित होने वाले कंट्रोल रूम से सीधे अधिकारियों को शिकायत मिलेगी।



## एक फोन व मेल तुंरत होगी कार्रवाई



कैंपस में किसी भी छात्र या छात्रा को कोई बाहरी तत्व परेशान करें। या कोई रैगिंग करने का प्रयास करें। बस, एक फोन करने की जरूरत है। दो मिनट में छात्र या छात्रों की शिकायत पर तुरंत कार्रवाई होगी। विश्वविद्यालय की ओर से विशेष कंट्रोल रूम बनाया जा रहा है। कंट्रोल रूम में फोन व इंटरनेट के माध्यम से समस्याओं को सुना जाएगा। इसके लिए दो से तीन लोगों की विशेष ड्यूटी कंट्रोल रूम में लगाए जाएगी।

## इस प्रकार की रहती है छात्रों की समस्या

- हॉस्टल में खाना बेहतर नहीं मिलना
- छेड़छाड़ से जुड़ी समस्या
- बाहरी तत्वों द्वारा परेशान करना
- प्रशासनिक परेशानी आना
- लाइब्रेरी में स्टडी के दौरान किसी तरह की दिन व रात में परेशानी आना आदि तरह की परेशानियां।
- परीक्षाओं व डिग्री नहीं मिलने में देरी आदि जैसी समस्याएं
- शराब पीकर हुडदंग करने वाले छात्रों द्वारा तंग करना
- रात के समय हॉस्टलों में बिजली कट
- बिजली की व्यवस्था नहीं होना
- हॉस्टलों में गलत व्यवहार होगा
- पढ़ाई से जुड़ी परेशानी

## यह रही है मुख्य समस्या

- हॉस्टलों में शराब पीकर तोड़ फोड़ करना व मारपीट करना
- हॉस्टलों में खाना बेहतर नही मिलना
- कैंपस में बाहरी तत्वों द्वारा मारपीट करना
- गैर शिक्षक कर्मचारियों व छात्राओं के साथ छेड़छाड़ करना
- शिक्षकों द्वारा कक्षाएं नहीं लेने
- बिजली के कटों के कारण छात्रों के शोध व पढ़ाई प्रभावित हुई
- कैंपस में खुलेआम छात्राओं पर फब्तियां कसने

विश्वविद्यालय में कंट्रोल रूम की स्थापना की जाएगी। जिसमें छात्र मेल व फोन से दिन व रात के समय कभी भी अपनी समस्या दर्ज करवा सकेंगे। गंभीर समस्या का तुरंत समाधान किया जाएगा। संबंधी अधिकारी को बिना देरी किए इसकी सूचना मिल जाएगी। -प्रो. हरभजन बंसल, डायरेक्टर स्टूडेंट वेलफेयर, गुजवि।

दैनिक जागरण - 18/7/2016

# जीजेयू में शुरू होंगे एयरोनॉटिक्ल, मेंटेनेंस इंजीनियरिंग कोर्स

हरियाणा वित्त आयोग के चेयरमैन पहुंचे हिसार

मंथन करते हुए भविष्य की संभावनाओं को तलाशा

अमर उजाला ब्यूरो

हिसार। गुरु जंभेश्वर यूनिवर्सिटी में एयरोनाटिक्ल इंजीनियरिंग व मेंटीनेंस इंजीनियरिंग के कोर्स शुरू किए जाएंगे। भविष्य में हिसार में इंटरनेशनल एयरपोर्ट के अलावा यहां मेंटीनेंस एंड रिपेयरिंग यूनिट स्थापित किए जाने का एलान किए जाने के बाद इन नए कोर्स को शुरू करने के लिए प्लान तैयार किया जा रहा है। जल्द ही नए कोर्सेज को लेकर पूरी योजना तय की जाएगी।



गौरतलब है कि हिसार में इंटरनेशनल एयरपोर्ट के अलावा एमआरओ, कार्गो एयरपोर्ट की संभावनाएं भी तलाशी जा रही हैं। इसके लिए कंसलटेंसी रिपोर्ट तैयार की जा रही है। इन योजनाओं का हिसार के युवाओं को अधिक से अधिक फायदा हो इसके लिए कवायद शुरू हो गई है।

मंगलवार को जीजेयू में हरियाणा के पांचवे वित्त आयोग के चेयरमैन और सिंगापुर नेशनल यूनिवर्सिटी' के प्रोफेसर डा. मुकुल असर, वित्त आयोग के सदस्य डा. अनिरूद्ध राजपूत, हरियाणा स्टेट इंडस्ट्री कॉर्पोरेशन के डायरेक्टर तिलक चंदाना, जीजेयू के वीसी टंकेश्वर कुमार, रजिस्ट्रार अनिल पुंडीर, जीजेयू के सभी डीन सहित अन्य लोगों ने मीटिंग की।

जिसमें तय किया गया कि शहर में बनने वाले एयरपोर्ट को लेकर जीजेयू सरकार का सहयोग करेगी। यही नहीं सरकार को नीतियों को बनाने के लिए भी सहयोग किया जाएगा। जीजेयू के प्रोफेसर सरकार की ओर से तय की जाने वाली नीतियों के लिए विशेषज्ञ के रूप में काम करेंगे। इंटरनेशनल एयरपोर्ट, एमआरओ, कार्गो एयरपोर्ट की जरूरतों को पूरा करने के लिए ट्रेंड युवा तैयार किए जाएंगे।

बैठक में सरकार का नीतियों को बनाने के लिए सहयोग के लिए चर्चा की गई। एयरपोर्ट को लेकर जीजेयू अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाएगा। एयरपोर्ट से संबंधित मेंटेनेंस लेकर जीजेयू के सहयोग को लेकर चर्चा की गई। जिसमें मेंटीनेंस, एयरोनॉटीकल इंजीनियरिंग, स्किल आधारित कोर्स शुरू करने पर चर्चा की गई है।

- टंकेश्वर कुमार, कुलपति, जीजेयू, हिसार

अमर उजाला 20/7/16

# चोट लगे तो अस्पताल में जाएं रैगिंग हो तो प्रोक्टर को बताएं

- जीजेयू में नए विद्यार्थियों के लिए छात्र कल्याण निदेशालय आयोजित करेगा इंडक्शन कार्यक्रम
- सभी विभागों के हैड देंगे सुविधाओं की जानकारी



हरिभूमि न्यूज . हिसार

गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा विवि के नए विद्यार्थियों के लिए एक इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के जरिए सभी नए विद्यार्थियों को विवि के विभागों की कार्यप्रणाली, स्पोर्टस, लाइब्रेरी, एनएसएस, हॉस्टल, सिक्योरिटी आदि के बारे में जानकारी दी जाएगी। यह कार्यक्रम अगस्त माह के आरंभ में जल्द ही किया जा सकता है। हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस सैशन आरंभ किए जाने पर भी ऐसा प्रोग्राम किया गया है।

इंडक्शन कार्यक्रम में एनएसएस कोर्डिनेटर, हॉस्टल वार्डन, लाइब्रेरियन, स्पोर्टस डायरेक्टर, युवा कल्याण निदेशक आदि वर्ष भर की गतिविधियों की जानकारी देंगे। विद्यार्थियों को बताया जाएगा कि बीमार होने पर डिस्पेंसरी में किस तरह की सुविधाएं हैं। किस निदेशालय में क्या क्या सुविधाएं हैं, उनका लाभ छात्र कैसे उठा सकते हैं। रैगिंग की शिकायत कहां दी जानी है और सुरक्षा संबंधी शिकायत कहां होगी।

इंडक्शन कार्यक्रम के दौरान ही विद्यार्थियों को जरुरी नंबर भी दिए जाएंगे। जिनसे विद्यार्थी किसी तरह की जरुरी जानकारी जुटा सकें।

## विद्यार्थियों की आईडी का होगा रिकॉर्ड

छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा विद्यार्थियों की ई मेल आईडी भी ली जाएगी। निदेशालय की तरफ से इन ई मेल आईडी पर विवि में होने वाले कार्यक्रमों की सूचना समय समय पर भेजी जाएगी। जिससे विद्यार्थी इनका लाभ उठा सकें। निदेशालय द्वारा विद्यार्थियों की आईडी का डेटा तैयार किया जाएगा।

## इंडक्शन कार्यक्रम होगा

*विश्वविद्यालय के बारे में नए विद्यार्थियों को सभी जानकारियां हासिल हों, इसके लिए इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया जा रहा है।*

**- हरभजन बंसल**
*डीएसडब्ल्यू, गुजवि*

## 24 घंटे का हेल्पलाइन नंबर होगा जारी

गुजवि छात्र कल्याण निदेशालय विद्यार्थियों की सुविधा के लिए एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी करेगा।

जिस पर विद्यार्थी किसी भी समय कॉल करके अपनी समस्या या शिकायत दर्ज करवा सकेंगे। इसके लिए विवि में एक कंट्रोल रुम भी बनाया जाएगा।

यह हेल्पलाइन नंबर सप्ताह में सातों दिन चलेगा। मिलने वाली शिकायत को संबंधित विभाग को ट्रांसफर कर दिया जाएगा।

हरिभूमि - 25/7/2016

---

# जीजेयू: चरी, भवाई, मयूर और कालबेलिया नृत्य ने मोह लिया मन

**राजस्थानी सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम में राजस्थानी लोक संस्कृति के बिखेरे अनेक रंग**

भास्कर न्यूज | हिसार

राजस्थानी पहनावा, शृंगार की अद्भुत छठा, हैरतंगेज स्टंट और सुरीली धुनों को सुनकर हर कोई मंत्रमुग्ध हो रहा था। चमचमाती लाइट और मखमली आवाज के सुरों से सजा माहौल और भी रंगीन हुआ जा रहा था। एक के बाद एक होने वाली बेहतरीन प्रस्तुतियों में राजस्थानी संस्कृति और कला का परिचय देने वाली शाम अपने आप में ही खास थी। नजारा था जीजेयू में मंगलवार को राजस्थान संगीत नाटक अकादमी जोधपुर की ओर से आयोजित सांस्कृतिक संध्या का। इसमें लोकगीत गायन व खड़ताल वादन प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जीजेयू कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने शिरकत की।

एक ही मंच पर जीजेयू में भपंग वादन, तेरहताल नृत्य, चरी नृत्य, भवाई नृत्य, मयूर नृत्य, कालबेलिया नृत्य का आयोजन किया गया। इतना ही नहीं प्रस्तुति से पहले इन सभी तरह की विधाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी भी सूत्रधार की ओर से दर्शकों को दी गई। कार्यक्रम में अजय सिंगल को भी सम्मानित किया गया। तो वहीं इस दौरान जीजेयू प्रोफेसर व सांस्कृतिक विभाग के सुखदास विशेष रूप से मौजूद रहे।







1 जीजेयू में राजस्थानी सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम में प्रस्तुति देते हुए कलाकार।

2 कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर कलाकारों ने दर्शकों का मनमोह लिया।

3 जीजेयू में कार्यक्रम के दौरान वीसी प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार और अन्य।

दैनिक भास्कर 27/7/16

# संरचनात्मक सोच विकसित करें युवा

जागरण संवाददाता, हिसार : गुजवि के संचार प्रबंधन एवं तकनीकी विभाग में शुक्रवार को ओरिएंटेशन लेक्चर सीरीज के अंतर्गत चौथे व्याख्यान का आयोजन किया गया। पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ के संचार अध्ययन केन्द्र के प्रोफेसर संजय वडवलकर ने विद्यार्थियों को कॅरियर चुनने व स्वतंत्र रचनात्मक सोच विकसित करने के बारे में बताया।

उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि उपलब्ध अवसरों से कॅरियर की शुरुआत करें तथा हर मौके के साथ अपने कॅरियर को और मजबूत बनाते जाएं। एक पेशेवर मीडिया कर्मी को किसी एक काबिलियत तक सीमित नहीं रहना चाहिए बल्कि विभिन्न प्रकार की क्षमता विकसित करनी चाहिए। जिससे रोजगार बदलने में मुश्किल न आए। प्रो. संजय ने कहा कि सूचनाओं का स्वतंत्र प्रवाह होना बेहद जरूरी है। इस मौके पर विभाग के वरिष्ठ प्रो. मनोज दयाल ने कहा कि मीडिया का विस्तार बहुत तेज गति से हो रहा है। विभागाध्यक्ष प्रो. विक्रम कौशिक ने कहा कि पत्रकारिता के विद्यार्थियों के लिए आवश्यक हो गया है कि वह कंप्यूटर विज्ञान की कार्यशैली की जानकारी बढ़ाए। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक मिहिर रंजन पात्र, अध्यापिका बलजिंद्र कौर, डा. सुनैना, कुसुमलता तथा डा. कविता ने भी भाग लिया।



गुजवि के सीएमटी विभाग में विद्यार्थियों को संबोधित करते पंजाब विवि के प्रोफेसर संजय वडवलकर साथ में विभागाध्यक्ष प्रोफेसर विक्रम कौशिक व अन्य। जागरण

## बायोमेडिकल के छह छात्रों की हुई प्लेसमेंट

हिसार : गुजवि के बायोमेडिकल इंजीनियरिंग विभाग के छह विद्यार्थियों की प्लेसमेंट हुई। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व कुलसचिव डा. अनिल कुमार पुंडीर ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। कुलसचिव डा. पुंडीर ने शुक्रवार को चयनित विद्यार्थियों को सम्मानित किया। बायोमेडिकल इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डा. रवीश गर्ग ने बताया कि विभाग के बीटेक अंतिम वर्ष के विद्यार्थी रवि कुमार व शैफू का होस्पीमैक्स हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड की क्रीटिकल केयर डिवीजन में तथा मनीषा का एंड्रोस्कॉपी डिवीजन में बतौर मैनेजमेंट ट्रेनी चयन हुआ है। गर्ग ने बताया कि राहुल राणा का फोर्टीज हॉस्पिटल में बतौर सुपरवाईजर, हितेन्द्र कुमार का इंटरकार्डियो हेल्थ केयर टेक्नोलॉजी में बतौर सर्विस इंजीनियर तथा नीतू का एमजीएम एसोसिएट, मेडिकल एमरजेंसी एंड हेल्थकेयर सर्विसिज में बतौर सेल एंड सर्विस इंजीनियर चयन हुआ है।

दैनिक जा...
30/7

# गुजवि के छह हुआ विद्यार्थियों का चयन

हिसार। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के बायोमेडिकल इंजीनियरिंग विभाग के छह विद्यार्थियों का चयन हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार पुंडीर ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बायोमेडिकल इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डॉ. रवीश गर्ग ने बताया कि विभाग के बीटेक अंतिम वर्ष के विद्यार्थी रवि कुमार व शैफू का होस्पीमैक्स हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड की क्रीटिकल केयर डिवीजन में तथा मनीषा का एंडोस्कॉपी डिवीजन में बतौर मैनेजमैंट ट्रेनी चयन हुआ है। इन विद्यार्थियों का प्रशिक्षण के लिए चयन विश्वविद्यालय में आयोजित कैम्पस प्लेसमैंट के माध्यम से हुआ था। डॉ. रवीश गर्ग ने बताया कि राहुल राणा का फोर्टीज होस्पीटल में बतौर सुपरवाईजर, हितेन्द्र कुमार का इंटरकार्डियो हेल्थकेयर टैक्नॉलोजीज में बतौर सर्विस इंजीनियर तथा नीतू का एमजीएम ऐसोसिऐट, मेडिकल एमरजेंसी एंड हेल्थकेयर सर्विसिज में बतौर सेल एंड सर्विस इंजीनियर चयन हुआ है। चयनित विद्यार्थी इन कंपनियों में प्रशिक्षण पर थे तथा प्रशिक्षण के दौरान ही कंपनियों ने इनका चयन कर लिया है। चयनित विद्यार्थियों को 2.5 लाख रुपए से 4.0 लाख रुपए का सालाना पैकेज दिया गया है।

आज समाज- 30/7/16

# छह विद्यार्थियों को मिली प्लेसमेंट

हिसार। गुजवि के बायोमेडिकल इंजीनियरिंग विभाग के छह विद्यार्थियों का चयन हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व कुलसचिव डा. अनिल कुमार



पुंडीर ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। बायोमेडिकल इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डा. रवीश गर्ग ने बताया कि विभाग के बीटैक अंतिम वर्ष के विद्यार्थी रवि कुमार व शैफू का होस्पीमैक्स हैल्थकेयर प्राईवेट लिमिटेड की क्रीटिकल केयर डिवीजन में तथा मनीषा का एंडोस्कॉपी डिवीजन में बतौर मैनेजमैंट ट्रेनी चयन हुआ है। राहुल राणा का फोर्टीज अस्पताल में बतौर सुपरवाईजर, हितेंद्र कुमार का इंटरकार्डियो हैल्थकेयर टैक्नॉलोजीज में बतौर सर्विस इंजीनियर तथा नीतू का एमजीएम ऐसोसिऐट, मेडिकल एमरजेंसी एंड हैल्थकेयर सर्विसिज में बतौर सेल एंड सर्विस इंजीनियर चयन हुआ है। चयनित विद्यार्थियों को 2.5 लाख रूपये से 4.0 लाख रूपये का सालाना पैकेज दिया गया है।

हरिभूमि - 30/7/16

# पेड़-पौधों के रूप में अमूल्य उपहार मिला : निर्मला शर्मा

## एक पेड़-एक जिंदगी अभियान के तहत न्यू इंडिया कॉन्वेंट स्कूल मिर्जापुर में पौधरोपण, जब भी मौका मिले पेड़ जरूर लगाएं

भास्कर न्यूज | हिसार

दैनिक भास्कर के एक पेड़, एक जिंदगी अभियान के तहत शुक्रवार को मिर्जापुर स्थित न्यू इंडिया कॉन्वेंट स्कूल में पौधरोपण किया। इस अवसर पर स्कूल की निदेशक निर्मला शर्मा ने कहा कि पेड़-पौधों के रूप में ईश्वर ने प्रकृति का अमूल्य उपहार दिया है। जिसको आगे की पीढ़ियों को हमें धरोहर के रूप में सौंपना है। उन्होंने कहा कि जिस तरह पेड़ों की कटाई की जा रही है, उसी तरह नए पौधरोपण जरूरी है। प्रत्येक छात्र हर वर्ष एक पौधा अवश्य लगाए।

प्राचार्य वाणी गोदारा के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण को बचाने के लिए विचार सांझा किए। उन्होंने कहा कि इस इंसान को अपने जन्मदिन पर एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। उन्होंने पौधरोपण कर संदेश दिया कि जीवन में पौधों का महत्व उतना ही है, जितना हमारे जीवन में अनाज और पानी का है। इस मौके पर पुष्पा, मधु शर्मा, शालू, रोमा, सुनीता, सुनील आदि ने पौधारोपण किया। तो आइये, जब भी हो सके, हम सब एक पौधा जरूर लगाएं।



एक पेड़-एक जिंदगी अभियान के तहत मिर्जापुर स्थित न्यू इंडिया कॉन्वेंट स्कूल में पौधरोपण करते छात्र तथा स्कूल स्टाफ।

## जीजेयू प्रशासन ने गांव के सरकारी स्कूल में करवाया पौधरोपण

हिसार | जीजेयू प्रशासन की टीम गांव मिर्जापुर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पहुंची और पौधरोपण करवाया। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय ने स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत अभियान के तहत मिर्जापुर, बहबलपुर, सातरोड कलां, देवां तथा नंगथला पांच गांव गोद लिए हुए हैं।

इन गांवों में स्वच्छता के प्रति लगातार जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाते रहेंगे। कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार पुंडीर ने भी टीम को बधाई दी। इस दौरान अभियान कॉर्डिनेटर डॉ. एसबी लुथरा, डॉ. राजीव, अभिषेक सैनी, राजबाला विशेष रूप से मौजूद रहे।

**जब भी हो सके अपनी सुविधा अनुसार एक पौधा जरूर लगाएं, यह समाज के लिए आपकी व्यक्तिगत भागीदारी होगी।**

दैनिक भास्कर - 30/7/16

# स्नातक के सभी वर्षों में हो पर्यावरण की पढ़ाई

- सुप्रीम कोर्ट ने सभी विश्वविद्यालयों को लिखा पत्र
- एमडीयू व कुरुक्षेत्र विवि के बाद गुजवि प्रशासन भी जुटा सिलेबस तैयार करने में

जागरण संवाददाता, हिसार : धरती की हरियाली (ग्रीन अर्थ) को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बेहद गंभीर है। पहले स्नातक प्रथम वर्ष में पर्यावरण विज्ञान की पढ़ाई अनिवार्य करने का आदेश देने के बाद अब सुप्रीम कोर्ट ने सभी विश्वविद्यालयों व सरकारों को पत्र जारी कर स्नातक के सभी वर्षों में पर्यावरण की पढ़ाई अनिवार्य करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि इसके लिए विश्वविद्यालय सिलेबस तैयार करे और उसे सभी वर्षों के पाठ्यक्रमों में अनिवार्य रूप से शामिल कर ले। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के बाद सभी विश्वविद्यालय पर्यावरण विषय को लेकर सिलेबस बनाने में जुट गए हैं। गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि में इसको लेकर कुलपति के आदेश पर कमेटी का गठन किया गया है। सोमवार को पर्यावरण विषय को किस प्रकार से लागू करना है और उसके सिलेबस का प्रारूप क्या होगा, इस पर मंथन किया जाएगा।

### नये शिक्षकों की होगी भर्ती

पर्यावरण विषय को अभी तक कॉलेजों में स्नातक के प्रथम वर्ष के छात्रों को पढ़ाया जाता था। कॉलेजों में ज्योग्रॉफी , समाज शास्त्री आदि विषयों के शिक्षक इस विषय को पढ़ाते थे। मगर, अब इस विषय को पढ़ाने के लिए कॉलेजों में पर्यावरण में एमएससी व एमटैक किए हुए शिक्षकों को भर्ती करना होगा। जिससे सैंकड़ों शिक्षकों को कॉलेजों नौकरी मिलेगी।




### विवि ने भी तैयार किया है सिलेबस

गुजवि के साथ महर्षि दयानंद विवि रोहतक, कुरुक्षेत्र विवि कुरुक्षेत्र,सीबीएलयू सिरसा सहित अन्य विश्वविद्यालयों ने सिलेबस बनाने की तैयारी शुरू कर दी है।

हमारे पास सुप्रीम कोर्ट के आदेश आए है। उसी को देखते हुए कुलपति डा. टंकेश्वर कुमार ने एक कमेटी का गठन किया है। उसकी कमेटी की बैठक सोमवार को होगी , जिसमें पर्यावरण विषय का सिलेबस व अन्य चीजों पर मंथन किया जाएगा।

प्रो. राजेश मल्होत्रा, डीन एकेडमिक अफेयर , गुजवि।

### ग्रीन प्रोजेक्ट



सुप्रीम कोर्ट के अनुसार ग्रीन प्रोजेक्ट के तहत युवाओं को पर्यावरण संरक्षण के बारे में जानकारी होना अति आवश्यक है। इस प्रोजेक्ट के माध्यम से उन्हे पर्यावरण में हो रहे बदलावों व उसके संरक्षण के तरीके बताए जाए। छात्रों को पढ़ाया जाए कि पर्यावरण को कैसे सुरक्षित बनाना है, जिससे की ग्लोबल वार्मिंग को रोका जा सके। युवाओं को पेड़ लगाने व पेड़ों को बचाने संबंधी साथ ही प्रकाश संश्लेषण से लेकर पूरी तरह की जानकारी दी जाएगा। जिससे की छात्र अपने जीवन में पौधरोपण व पर्यावरण संरक्षण को अहम स्थान दे।

सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से पर्यावरण को लाभ होगा। छात्र पर्यावरण के बारे में गंभीरता से जान पाएंगे। ताकि ग्लोबल वार्मिंग को कम किया जा सके। कॉलेजों व विश्वविद्यालय में पर्यावरण विषय को नियमित करने से शिक्षकों की नई भर्तियां हो सकेगी।

प्रो. नरसी बिश्नोई, पर्यावरण विभाग, गुजवि।

### मुख्यमंत्री भी पर्यावरण शिक्षक के पक्षधर

मुख्यमंत्री से पर्यावरण विषय में एमटेक, एमएससी व पीएचडी कर चुके छात्रों ने मुलाकात की थी। उन्होंने मुख्यमंत्री से नियमित पर्यावरण शिक्षकों को भर्ती करने की बात कही थी। जिस पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने आश्वासन दिया था कि वह जल्द ही पर्यावरण विषय से जुड़े शिक्षकों की भर्ती करेंगे। मौजूदा फैसले के बाद यह अनुमान लगाया जा सकता है कि प्रत्येक कॉलेज में दो से तीन नियमित शिक्षक व इतने ही शिक्षकों की जरूरत विश्वविद्यालयों में पड़ेगी। यानि की 500 से ज्यादा पर्यावरण विषय के शिक्षकों की जरूरत सरकार को होगी।

दैनिक जागरण - 31/7/16

## सुप्रीम कोर्ट ने दिए हैं निर्देश, गुजवि ने बुलाई बैठक

# सभी अंडर ग्रेजुएट्स को पढ़ना होगा पर्यावरण

- सोमवार को गुजवि में नए आदेशों पर होगा मंथन

यशपाल सिंह . हिसार

सभी कॉलेजों में स्नातक पाठ्यक्रमों में पर्यावरण विषय तीन वर्ष पढ़ना अनिवार्य होगा। इसको लेकर सुप्रीम कोर्ट ने भी निर्देश जारी किए हैं। गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय में भी इस बारे में पत्र प्राप्त हुआ है।

विवि ने सभी यूजी पाठ्यक्रमों में पर्यावरण विषय पढ़ाए जाने को लेकर तैयारियां आरंभ कर दी हैं। नए आदेशों पर मंथन और नया सिलेबस तैयार करने को लेकर विवि में सोमवार को बैठक भी बुलाई गई है। विवि में यूजी कोर्सिस में पर्यावरण पाठ्यक्रम लागू करने को लेकर बैठक में चर्चा होगी।

विवि को जो लेटर मिला है उसमें फिलहाल सभी रेगुलर यूजी कोर्सिस में पर्यावरण विषय पढ़ाने के निर्देश हैं। डिस्टेंस कोर्सिस को शामिल किए जाने पर अभी संशय बना हुआ है। विवि में सोमवार को होने वाली बैठक में डिस्टेंस के यूजी पाठ्यक्रमों को लेकर भी चर्चा होगी।



### एक सेमेस्टर में पढ़ाया जाता है पर्यावरण

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कॉलेजों से रेगुलर स्नातक कोर्स पढ़ने वाले विद्यार्थियों को फिलहाल एक सेमेस्टर में पर्यावरण विषय पढ़ना होता है। इस विषय में विद्यार्थी का पास होना भी अनिवार्य है। बताया जा रहा है कि कोर्ट ने जो नए निर्देश दिए हैं, उसके बाद विद्यार्थी को यूजी के तीनों वर्ष पर्यावरण विषय पढ़ना होगा।

### शिक्षकों की बढ़ेगी डिमांड

पर्यावरण विषय तीनों वर्ष रेगुलर होने के बाद शिक्षकों की जरुरत भी बढ़ सकती है। कॉलेजों में फिलहाल साइंस और भूगोल के शिक्षक भी पर्यावरण की पढ़ाई करवा रहे हैं। इस बारे में कई कॉलेजों को कुवि से परमिशन भी दी गई है। तीनों वर्ष पर्यावरण विषय के अनिवार्य होने के बाद शिक्षकों की डिमांड भी बढ़ेगी। गुजवि में भी अगर सभी यूजी कोर्सिस में पर्यावरण विषय अनिवार्य होता है तो यहां भी शिक्षकों की जरुरत पड़ सकती है।

### कोर्ट के निर्देश मिले हैं

*सभी अंडर ग्रेजुएट कोर्सिस में पर्यावरण विषय पढ़ाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्देश मिले हैं। विवि में कोर्स पढ़ाने को लेकर सोमवार को बैठक बुलाई गई है।*

*-डा. राजेश मल्होत्रा*
*डीन अकेडमिक अफेयर, गुजवि*

### पर्यावरण पढ़ना जरूरी

*अंडर ग्रेजुएटस को एक सेमेस्टर में पर्यावरण पढ़ना अनिवार्य है। साइंस और भूगोल के टीचर विषय को पढ़ा रहे हैं। अगर तीन वर्ष विषय अनिवार्य होता है तो शिक्षकों की मांग बढ़ेगी।*

*-एमएस मांझू*
*प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय*

हरिभूमि - 31/7/16